वैगन व्हील्स

बारबरा ब्रेनर

चित्र: डॉन बोलोग्नीस

वैगन व्हील्स

बारबरा ब्रेनर

चित्र: डॉन बोलोग्नीस

विषय-वस्तु

अध्याय 1 - गड्ढा-घर

"देखो लड़कों," डैडी ने कहा.

"इस नदी के उस पार निकोडेमस, कंसास है.

हम यहीं अपना घर बनाने जा रहे हैं.

यहाँ पश्चिम में सभी के लिए मुफ़्त ज़मीन उपलब्ध है.

हमें बस जाकर ज़मीन को हासिल करना है."

हम कंसास पहुँचने के लिए बहुत दूर से आए थे.

केंटकी से पूरा रास्ता तय करके.

वो एक कठिन यात्रा थी,

और एक दुखद यात्रा भी.

रास्ते में ही माँ मर गई थी.

अब हम सिर्फ़ चार लोग बचे थे -

डैडी, विली, छोटा भाई और मैं.

"चलो, लड़कों," डैडी ने कहा.

"चलो अब हम अपने पैर मुफ़्त

और मुक्त मिट्टी पर रखें."

उन्होंने गाड़ी द्वारा नदी को पार किया.

दूसरी तरफ एक आदमी हमारा इंतज़ार कर रहा था.

"मैं सैम हिकमैन हूँ," उसने कहा.

"निकोडेमस शहर में आपका स्वागत है."

"आपका धन्यवाद, भाई," डैडी ने कहा.

"लेकिन आपका शहर कहाँ है?"

"ठीक यहीं," मिस्टर हिकमैन ने कहा.

लेकिन हमें तो कोई घर दिखाई नहीं दिया.

हमने मैदानी इलाकों में छेदों से

धुआँ निकलते ज़रूर देखा.

"अरे!" मेरे डैडी ने कहा.

"ज़मीन में छेद तो खरगोशों और साँपों के लिए होते हैं,

मुक्त काले लोगों के लिए नहीं.

मैं एक कुशल बढ़ई हूँ.

मैं इस शहर के लिए बढ़िया

लकड़ी के घर बना सकता हूँ."

"अब लकड़ी के घर बनाने का समय नहीं है,"

मिस्टर हिकमैन ने पिताजी से कहा.

"जल्द ही सर्दी आ रही है.

और कैनसस की सर्दी बहुत ज़्यादा सख्त होती है.

ज़मीन के जमने से पहले ही

खुद के लिए एक गड्ढा-घर बना लेना बेहतर होगा."

पिताजी समझ गए कि सैम हिकमैन सही कह रहे थे.

फिर हमने अपने फावड़े लिए

और अपने लिए एक गड्ढा-घर बनाया.

वो कोई खास घर नहीं था.

मिट्टी का फर्श,

मिट्टी की दीवारें,

कोई खिड़कियाँ नहीं.

और छत के लिए

बस घास और पेड़ों की शाखाएँ थीं.

लेकिन जब तेज़ हवा मैदान में सीटी बजाने लगी

तो हमें उस गड्ढा-घर में रहकर खुशी हुई.

हर रात विली ने दीया जलाता

और आग भी.

मैं आग पर खरगोश का शोरबा पकाता

या नदी से लाई ताज़ी मछली को तलता था.

रात के खाने के बाद

डैडी हमेशा कहते,

"एक या दो गाने कैसे रहेंगे?"

फिर वो अपना बैंजो निकालते और बजाते

“प्लिंक-ए-प्लंक! प्लिंक-ए-प्लंक!”

बहुत जल्द

वह गड्ढा-घर, हमें असली घर जैसा लगने लगा.

अध्याय 2 - इंडियन

सर्दी आ गई.

और कैनसस की सर्दी वाकई बहुत कठोर थी.

दिन-ब-दिन बर्फ गिरती रही.

हम शिकार या मछली नहीं पकड़ सकते थे.

हमारे पास खरगोश का शोरबा नहीं था.

नदी की ताजा मछली नहीं थी.

हमारे पास खाने के लिए केवल मकई का आटा था.

फिर एक दिन

मकई का आटा नहीं था.

पूरे निकोडेमस शहर में खाने

का एक तक दाना नहीं बचा.

और जलाने के लिए लकड़ी भी नहीं बची थी.

छोटा भाई हर समय रोता रहता था -

उसे बहुत ठंड और भूख लगी थी.

पिताजी ने उसे कंबल ओढ़ाए.

"चुप रहो, बेटा," उन्होंने उससे कहा.

"ज़रा सोने की कोशिश करो.

आपूर्ति ट्रेन जल्द ही आने वाली है."

लेकिन आपूर्ति ट्रेन नहीं आई.

उस दिन या अगले दिन भी नहीं.

तीसरे दिन

हमने घोड़ों की आवाज़ सुनी.

पिताजी ने बाहर देखा उन अजनबियों को देखा.

"हे भगवान!" उन्होंने कहा.

"इंडियंस!"

उन्हें देखकर हम बहुत डर गए.

हम सभी ने इंडियंस के बारे में कहानियाँ सुनी थीं.

मैंने खुद बहादुर बनने की कोशिश की.

"मैं अपनी बंदूक लेकर आता हूँ, डैडी," मैंने कहा.

लेकिन डैडी ने कहा,

"रुको, जॉनी.

रुको और ज़रा देखो कि वे क्या करते हैं."

हम अपने गड्ढा-घर में से उन्हें देखते रहे.

निकोडेमस में हर कोई

इंडियंस को घूर-घूर कर देख रहा था.

पहले इंडियंस ने एक घेरा बनाया.

फिर हर इंडियन ने

अपने घोड़ों पर लदा समान खोला

और उन्होंने उसे ज़मीन पर गिरा दिया.

फिर इंडियंस मुड़े और

सीधे गड्ढे घर की ओर बढ़े.

"अब वे हमारे लिए आ रहे हैं!"

विली चिल्लाया.

हमने अपनी बंदूकें उठाईं.

लेकिन इंडियंस हमारे ठीक सामने से निकल गए

और वे लगातार आगे बढ़ते रहे.

हमने बहुत देर तक इंतजार किया

हमने यह सुनिश्चित किया

कि वे दूर चले गए हों.

फिर हर कोई बर्फ पर दौड़ा

यह देखने के लिए

कि इंडियंस ने हमारे लिए क्या छोड़ा था.

वे खाने का भोजन था!

सबने एक साथ कहा.

"देखो!"

"हिरण का ताजा मांस!"

"मछली!"

"सूखी सेम और स्क्वैश!"

"और लकड़ियों के बंडल

जिससे हम अपनी आग जलाए रख सकें."

उस रात निकोडेमस में एक दावत थी.

लेकिन खाने से पहले,

डैडी ने हमसे कहा,

"जॉनी, विली, छोटे भाई.

मैं चाहता हूँ कि तुम इस दिन को याद रखो.

जब कोई इंडियंस के बारे में बुरी बातें कहे,

तो उन्हें बताना कि ओसेज इंडियंस ने

निकोडेमस में हमारी जान बचाई थी."

अध्याय 3 - आगे बढ़ना

जब वसंत आया, तो डैडी ने कहा,

"लड़कों, यह मैदान मेरे लिए बहुत समतल है.

मैं कहीं और पेड़ों और पहाड़ियों

वाली ज़मीन ढूँढना चाहता हूँ.

देखो, मैं आगे जा रहा हूँ."

मैंने कहा, "तो क्या मैं गाड़ी लोड करना शुरू करूँ?"

लेकिन डैडी ने कहा,

"अभी रुको. मैं चाहता हूँ कि

तुम सभी लड़के यहीं रहो.

यहाँ तुम्हारे लिए आश्रय और दोस्त हैं.

मैं अकेले ही जाऊँगा.

जब मुझे कोई अच्छी जगह मिल जाएगी

फिर मैं तुम्हें बुला लूँगा."

मैं अकेले रहने से डर रहा था.

विली भी डर रहा था.

बेचारा छोटा भाई –

उसने समझने की कोशिश की

कि डैडी क्या कह रहे थे.

हम सबने डैडी की बात सुनी,

"मैं तुम्हारी रोटी के लिए मकई का आटा

और मांस के लिए नमक और

मिठाई के लिए गुड़ छोड़ जाऊँगा.

तुम अच्छे लड़के बनो,

और सुनो..

अपने छोटे भाई का ख्याल रखना.

उसे कभी अपनी नज़रों से ओझल मत होने देना."

जब डैडी ने हमें अलविदा कहा तो उनकी आँखों में आँसू थे.

मिसेज़ सैडलर और मिसेज़ हिकमैन ने कहा,

"देखो, एड मुल्डी ज़रूर पागल हो गया है

इसलिए अपने बेचारे बच्चों को अकेला छोड़ गया है."

मैंने उनसे कहा,

"मैं अब कोई बच्चा नहीं हूँ.

मैं ग्यारह साल का हूँ.

और विली आठ साल का है.

हम अपना ख्याल खुद रख सकते हैं.

छोटा भाई सिर्फ़ तीन साल का है,

लेकिन हम उसका भी ख्याल रख सकते हैं."

हमने वही किया जो हमारे पिताजी ने हमसे कहा था.

हमने शिकार किया, मछली पकड़ी,

खाना बनाया और अपने गड्ढे घर को साफ किया.

हमने अपने लिए मकई की रोटी भी बनाई.

और हमने अपने छोटे भाई को कभी

अपनी नज़रों से ओझल नहीं होने दिया.

हमने उसके लिए एक पुराने बक्से से एक गाड़ी बनाई.

मिसेज़ सैडलर ने हमें इसके लिए पहिए दिए.

हमने छोटे भाई को गाड़ी में बिठाया,

और उसे अपने साथ खींचा.

आप पहियों की आवाज़ एक मील दूर से सुन सकते थे.

जब निकोडेमस में लोगों ने वह आवाज़ सुनी,

तो उन्होंने हमेशा कहा,

"देखो, मुल्डी के लड़के जा रहे हैं."

एक दिन हम नदी के पास कुछ बेर चुन रहे थे.

विली ने कहा, "जॉनी, मैं धुआँ सूंघ रहा हूं."

हमने ऊपर देखा.

पूरा आसमान नारंगी था.

हमने किसी को चिल्लाते हुए सुना,

"घास के मैदान में आग!"

हमने अपने पीछे आग देखी.

आग तेज़ी से बढ़ रही थी.

"हम जल जाएँगे," विली चिल्लाया.

"भागने के लिए और कोई जगह नहीं है!"

तभी मैंने एक हिरण को नदी की ओर भागते हुए देखा.

"जल्दी करो!" मैंने विली से कहा.

"चलो, नदी की ओर भागो!"

हम भागे, गाड़ी को अपने पीछे खींचते हुए.

अब निकोडेमस के लोग भी

हमारे साथ-साथ भाग रहे थे.

जब हम पानी के पास पहुँचे,

मैंने विली से कहा,

"पानी में कूद जाओ और गाड़ी को पकड़ो.

मैं छोटे भाई को पकड़ूँगा."

हर कोई हमारे चारों ओर कूद रहा था.

मिस्टर हिकमैन ने मुझे

छोटे भाई को पकड़ने में मदद की,

और मिस्टर हिल ने वैगन को

पकड़ने में विली की मदद की.

चारों ओर आग और धुआं था,

लेकिन पानी ने आग को हमसे दूर रखा.

हम वहाँ बहुत देर तक खड़े रहे.

जब आग बुझ गई,

तब हम सब पैदल घर चले गए.

अध्याय 4 - पत्र

अप्रैल बीत गया.

फिर मई और जून भी.

हमने शिकार किया और मछली पकड़ी.

हम लगातार डैडी के पत्र का इंतजार करते रहे.

लेकिन कोई पत्र नहीं आया.

फिर जुलाई में एक पत्र आया.

एक डाक सवार हमारे लिए

वो पत्र लेकर आया.

उसमें लिखा था: प्यारे लड़कों,

मुझे सोलोमन सिटी के पास

बढ़िया खाली ज़मीन मिल गई है.

वहां घर बनाने के लिए काफी लकड़ी है,

और मकई और फलियाँ उगाने के लिए

अच्छी काली मिट्टी है.

इस पत्र के साथ एक नक्शा भी है.

नक्शा दिखाता है कि मैं कहाँ हूँ

और तुम कहाँ हो.

नक्शे का अनुसरण करो.

जब तक तुम हिरण की पगडंडी पर न पहुँच जाओ

तब तक सोलोमन नदी के किनारे-किनारे ही चलना.

तुम मुझे वहाँ पर पाओगे.

मुझे पता है कि तुम यह कर सकते हो

क्योंकि तुम मेरे बढ़िया, बड़े लड़के हो.

तुम सभी को प्यार, डैडी.

अगले दिन हम निकल पड़े.

हमने गाड़ी में मकई की रोटी और कंबल रखे

अंत में छोटे भाई के बैठने तक के लिए

उसमें कोई जगह नहीं बची.

"क्या तुम एक बड़े लड़के की तरह चल सकते हो?"

मैंने उससे पूछा. उसने अपना सिर हिलाया.

सभी निकोडेमस ने नागरिक

अलविदा कहने के लिए बाहर आए -

हिल्स, हिकमैन, सैडलर्स.

उन्होंने कहा, "बेचारे बच्चे.

उन्हें अकेले ही एक सौ पचास मील चलना पड़ेगा."

लेकिन हमें पता था कि हम वो कर सकते थे.

हमारे पिताजी ने हमें वही बताया था.

हम नदी पर गए और

हमने नक्शे का अनुसरण किया.

हम पूरे दिन चले.

जब छोटा भाई थक जाता

तो मैंने उसे गोद में उठा लेता.

रात में हम रुकते और आग जलाते.

मैंने विली से कहा, "हम बारी-बारी से काम करेंगे.

पहले मैं आग पर नज़र रखूंगा,

तब तुम सोना.

कभी-कभी बंदूक भी चलाना.

इससे जंगली जानवर डरकर भाग जाएंगे."

मैदान में बहुत सारे जंगली जानवर थे.

भेड़िये, पैंथर, कोयोट.

हर रात आग और बंदूक की आवाज़ उन्हें दूर रखती थी.

लेकिन एक रात मैंने

विली को मुझे पुकारते हुए सुना,

"जॉनी, उठो. लेकिन हिलना बिल्कुल मत."

मैंने अपनी आँखें खोलीं.

मेरे बगल में ज़मीन पर एक बड़ा

प्रेयरी धामन सांप (रैटल-स्नेक) था.

सांप, आग के पास खुद को गर्म कर रहा था.

मैं हिल नहीं पाया.

मैंने साँस तक नहीं ली,

इस डर से कि कहीं वह मुझे काट न ले.

"हम क्या करें?" विली फुसफुसाया.

मैंने सोचने की कोशिश की

कि डैडी उस स्थिति में क्या करते.

फिर मुझे याद आया कि डैडी ने एक बार मुझसे कहा था

कि साँपों को गर्म जगह पसंद होती है.

मैंने विली से कहा,

"आग बुझा दो."

ऐसा लगा जैसे हम घंटों वहाँ रहे -

विली, छोटा भाई, और मैं -

हम बहुत शांत बैठे रहे.

आखिरकार आग बुझ गई.

रात की हवा ठंडी हो गई.

फिर साँप अंधेरे में कहीं खिसक गया.

बाईस दिनों तक

हम नदी के किनारे-किनारे चलते रहे.

फिर एक दिन

हमें एक हिरण की पगडंडी दिखाई दी.

वो नदी से दूर जा रही थी,

ठीक जैसा नक्शे पर दिखाया गया था.

"इस तरफ़," मैंने अपने भाइयों से कहा.

हम पगडंडी पर चलते रहे.

वो पगडंडी एक पहाड़ी की ओर जाती थी.

पहाड़ी के किनारे

हमने एक छोटा सा घर देखा

जिसके सामने एक बगीचा था.

हमने मकई उगते हुए देखी.

तभी एक आदमी घर से बाहर आया.

जब उसने हमें देखा,

तो वह हमारी ओर दौड़ने लगा.

"डैडी!"

"विली!

जॉनी!

छोटा भाई!"

फिर वहाँ ऐसे गले मिलना, चूमना, बातें करना और रोना और हँसना और गाना हुआ कि. . .

मुझे यकीन है कि निकोडेमस के लोगों ने उसे ज़रूर सुना होगा!

और बूढ़ी मिसेज़ सैडलर ने कहा होगा,

"लगता है कि मुल्डी लड़कों ने

अपने पिता को पा लिया है!"

इस कहानी के पीछे..

"वैगन व्हील्स" एक सच्ची कहानी पर आधारित है. 1878 में, एड मुल्डी और उनका परिवार केंटकी छोड़कर कैनसस चले गए. उन्होंने "होमस्टेड एक्ट" के बारे में सुना था. जिसने पश्चिम में बसने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति को मुफ़्त ज़मीन देने का वादा किया था. मुल्डी उन हज़ारों अश्वेत अग्रदूतों में से थे जिन्होंने गृहयुद्ध के बाद दक्षिण छोड़ दिया था. उनमें से ज़्यादातर, मुल्डी की तरह, कैनसस में बस गए. निकोडेमस शहर, जिसका नाम एक प्रसिद्ध गुलाम के नाम पर रखा गया था, एक अश्वेत समुदाय था.

इस कहानी के तीन लड़के वास्तव में एक गड्ढे-घर में अकेले रहते थे. और अपने पिता को खोजने के लिए उन्होंने अकेले ही एक सौ पचास मील की यात्रा की थी. ओसेज भारतीयों के साथ यह घटना वास्तव में निकोडेमस कॉलोनी में हुई थी, और पूरे कैनसस क्षेत्र में, प्रेयरी आग एक आम बात थी. मुल्डी लड़कों की कहानी स्वर्गीय लुलु सैडलर क्रेग के संस्मरणों में दर्ज है, जो एक बच्ची के रूप में निकोडेमस आई थीं और उन्होंने अपना अधिकांश जीवन स्कूल में पढ़ाने और शहर के इतिहास के बारे में जानकारी एकत्र करने में बिताया था. जिस सामग्री पर यह पुस्तक आधारित है, उसका उपयोग क्रेग लाइवली और मिसेज़ क्रेग के परिवार के अन्य सदस्यों के साथ एक विशेष व्यवस्था के माध्यम से किया गया था.